कार्यालय प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय महेन्द्रगढ़

नोटिस दिनाँक :- 13.07.2024

इस कार्यालय के नोटिस दिनांक 11.07.2024 के द्वारा सभी को निर्देश दिए गए थे कि वे प्रतिदिन अपने निर्धारित समय प्रातः 09:00 बजे महाविद्यालय में उपस्थित होंगे तथा पुरे समय महाविद्यालय में ही उपस्थित रहेंगे। परन्तु अधोहस्ताक्षरी द्वारा आज दिनांक 13.07.2024 को बायोमेट्रिक अटेंडेंस का रिकॉर्ड चैक किया गया तो पाया कि कुछ स्टाफ सदस्यों द्वारा अटेंडेंस प्रातः 09:00 बजे के बाद में लगाई गई है जिसको अधोहस्ताक्षरी ने गंभीरता से लिया है।

इसके अतिरिक्त माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, उच्चतर शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़ द्वारा आज दिनांक 13.07.2024 को आयोजित **Video conferencing** में भी ये स्पष्ट निर्देश दिए गए है कि बायोमेट्रिक अटेंडेंस प्रातः 09:00 बजे ही लगाई जाए।

अतः महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों को पुनः आदेश दिए जाते हैं कि वे प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे ही बायोमेट्रिक अटेंडेंस लगाए। इसके अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि जिला प्रशासन द्वारा कभी भी महाविद्यालय का निरीक्षण किया जा सकता है। अतः वे पुरे समय महाविद्यालय में अपने निर्धारित स्थान पर ही उपस्थित रहेंगे।

अधोहस्ताक्षरी के संज्ञान में यह भी आया है कि कुछ स्टाफ सदस्यों को व्हाट्सएप मैसेज के माध्यम से परीक्षा ड्यूटी हेतु सूचित करने उपरान्त भी वे समय पर सम्बन्धित परीक्षा केन्द्र में परीक्षा ड्यूटी हेतु उपस्थित नहीं होते हैं जिसके कारण परीक्षा संचालित करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। अतः सभी को सख्त निर्देश दिए जाते है कि वे लगाई गई ड्यूटी अनुसार परीक्षा केन्द्र में परीक्षा प्रारम्भ होने से 20 मिनट पहले उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

आदेशों की दृढ़ता से पालना की जाए।

13.07.2024
प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय,
महेन्द्रगढ़।

प्रति :-

Nodal Officer, College web-portal को भेजकर आदेश दिए जाते हैं कि इसकी एक प्रति महाविद्यालय की **Website** पर अपलोड करें।